## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंडित सुंदर लाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में बीएड डीएलएड के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 जून तक आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ के पंडित सुंदर लाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी बिलासपुर ने विद्यार्थियों से बीएड डीएलएड के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 जून 2024तक आमंत्रित किया है। इस संबंध में अधिक जानकारी वेबसाइट https://pssou.ac.in/ पीएसएसओयू डॉट नेट से प्राप्त कर सकते हैं।

### सारंगढ़ में फुटबॉल प्रशिक्षक के एक पद के लिए 25 जून को होगा वॉक इन इंटरव्यू

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में खेलो इंडिया का फुटबॉल लघु प्रशिक्षण केंद्र स्वीकृत किया गया है। योजना की गाइडलाइन अनुसार प्रशिक्षण केंद्र के लिए एक प्रशिक्षक नियुक्त किया जाना है। प्रशिक्षक के लिए योग्यता फुटबॉल में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी या सीनियर वर्ग की नेशनल ओपन चैंपियनशिप (फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित) में प्रतिनिधित्व या अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व और प्रशिक्षण कार्य का अनुभव होना चाहिए। अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ 25 जून 2024 को दोपहर 2 बजे कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ में उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षक को प्रति माह 25 हजार रूपए का मानदेय दिया जाएगा।

### चौकी खरसिया पुलिस की शराब रेड कार्यवाई में 34 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** अवैध शराब पर अंकुश लगाने आज दिनांक 15/06/2024 को मुखबीर सूचना पर चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक संजय नाग के नेतृत्व में ग्राम मौहापाली और हरिजन मोहल्ला खरसिया में चौकी खरसिया पुलिस द्वारा शराब रेड कार्यवाही किया गया। ग्राम मौहापाली में पुलिस टीम ने आरोपी सोनी कुमार जोल्हे पिता श्यामसुंदर जोल्हे उम्र 30 वर्ष साकिन मौहापाली चौकी खरसिया के कब्जे से अवैध शराब बिक्री के लिए रखे 26 लीटर महुआ शराब कीमत 2600 रुपए तथा हरिजन मोहल्ला खरसिया के बिजेंद्र सहिस पिता स्वर्गीय संतलाल सहिस उम्र 36 साल को घर के सामने अवैध शराब बिक्री करते पकड़ा गया है। आरोपी के पास से 8 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। दोनों कार्यवाही में पुलिस ने 34 लीटर अवैध महुआ शराब कीमती ₹3,400 का जप्त कर आरोपियों पर पृथक-पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक संजय कुमार नाग, सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार पटेल, प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन, आरक्षक कीर्ती सिदार, महिला आरक्षक रंजीता चौहान शामिल थी।

### प्रतापपुर में हुआ जिला सहकारी बैंक की नई शाखा का शुभारंभ

**रायपुर (आरएनएस)।** दुर्ग सांसद विजय बघेल और खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने आज दुर्ग जिले के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, शाखा प्रतापपुर का शुभारंभ किया। दुर्ग सांसद बघेल ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवीन बैंक शाखा खुलने पर इससे ग्रामीण क्षेत्र के आमजनों को लाभ होगा और इस क्षेत्र के किसानों को सुविधा मिलेगी। सहकारी समिति एक ऐसी संस्था है जिसमें काम करने का बहुत अच्छा अवसर रहता है। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसानों ने मांग की थी कि हमारे क्षेत्र में जिला सहकारी बैंक खोला जाए। आज उनकी बरसों की मांग पूरी हो गई है। आस-पास के गांव के किसानों में खुशी की लहर है।

# हेलमेट के उपयोग को सभी मिलकर सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में दें बढ़ावा- वित्त मंत्री चौधरी

- जिला पुलिस के हेलमेट वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए वित्त मंत्री ओ. पी.चौधरी
- ट्रैफिक नियमों की जागरूकता के लिए जिला पुलिस चला रहा यातायात सुरक्षा अभियान, 5 हजार हेलमेट वितरण का है लक्ष्य

**रायगढ़**



यातायात जागरूकता को लेकर जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस बिना हेलमेट वाहन चालकों का मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई कर हेलमेट का वितरण किया जा रहा है। आज छातामुड़ा चौक में आयोजित हेलमेट वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी शामिल हुए। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि सड़क में दोपहिया चलाते हुए हेलमेट का उपयोग किए जाने का महत्व हम सभी को पता है। सड़क दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना लोगों के जान जाने का बड़ा कारण है। लेकिन अधिकांश लोग इसको नजरंदाज कर देते हैं।

जब तक स्वयं पर विपदा नहीं आती तब तक मामले की गंभीरता नही समझने की प्रवृत्ति छोडऩी चाहिए। परिवार में किसी की भी असमय मृत्यु से पूरा परिवार बुरी तरह से प्रभावित होता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपनी सुरक्षा और अपने परिवार, समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे, गाड़ी चलाते समय हेलमेट जरूर पहने। ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के नेतृत्व में रायगढ़ पुलिस का 5 हजार हेलमेट वितरण का यह अभियान समाज में सड़क सुरक्षा का महत्वपूर्ण संदेश दे रहा है। हमें हेलमेट के उपयोग को सामाजिक जिम्मेदारी समझ कर सभी के द्वारा इसके उपयोग को बढ़ावा देने की जरूरत है।

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में हो रही अधिकांश मौतें दुपहिया वाहन के चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने के कारण हुई है। जिला पुलिस सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करने तथा लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने नियमानुसार चालानी कार्यवाही कर हेलमेट का वितरण किया जा रहा है, जिला पुलिस का लक्ष्य 5 हजार से अधिक व्यक्तियों को हेलमेट वितरण करना है। इस कार्य में जिले के उद्योगों एवं सामाजिक संगठनों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी द्वारा बिना हेलमेट के चल रहे दो पहिया चालकों के साथ मीडिया प्रतिनिधियों को हेलमेट वितरण किया गया। इस दौरान सभी से सुरक्षित यातायात के लिए हेलमेट पहनने की अपील की गई। कार्यक्रम में गुरूपाल भल्ला, विवेक रंजन सिन्हा, उमेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, कौशलेश मिश्रा, सुरेश गोयल, दिबेश सोलंकी, प्रवीण द्विवेदी, स्थानीय पार्षद सहित बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे।

# अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस मुठभेड़ में ढेर हुए आठ नक्सली, एक जवान भी हुआ घायल

**नारायणपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की राजधानी कहे जाने वाले अबूझमाड़ के कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा के जंगलों में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के ढेर होने की खबर है. मुठभेड़ में एक जवान के भी घायल होने की खबर है. इलाके में दो दिन से कोंडागांव नारायणपुर ,दंतेवाड़ा, कांकेर आईटीबीपी, डीआरजी, जिला बल के जवानों का नक्सल ऑपरेशन लॉन्च किया गया था.

**लगातार हो रहे मुठभेड़-** छत्तीसगढ़ में नई सरकार आने के बाद नक्सलियों के विरुद्ध लगातार सर्चिंग ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं, जिसमे अब तक सैकड़ो नक्सलियों की मारे जाने की खबर है।

**सर्चिंग के दौरान विस्फोटकों का जखीरा बरामद-** सुकमा जिले में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है. जिसके चलते सुरक्षा बलों ने जंगलों में माओवादियों के ठिकाने पर छापेमारी की और वहां से विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया है. यह जानकारी खुद जिला पुलिस ने शुक्रवार को दी. सुकमा पुलिस के एक अधिकारी ने इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन (कोबरा) की संयुक्त टीम ने कंगलटोंग जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान यह बरामदगी की है.

# रेत के अवैध परिवहन में शामिल 02 ट्रैक्टर को खनिज टीम ने किया जब्त



**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

जिले के खनिज विभाग की जांच टीम ने बिलाईगढ़ क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेत के अवैध परिवहन में शामिल 02 ट्रैक्टर को जप्त कर थाना भटगांव के सुपुर्दगी में दिया गया। इसके आगे की कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम् ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जाएगी। अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर कार्यवाह निरंतर जारी रहेगा। खनिज जांच टीम में दीपक पटेल, अनुराग नंद आदि शामिल थे।

# आकस्मिक दुर्घटना मृत्यु पश्चात श्रमिक के आश्रितों को श्रम विभाग द्वारा दी गई 5 लाख रुपए सहायता राशि, कलेक्टर ने सौंपा चेक

- श्रमिक पंजीयन करवा कर श्रम विभाग की योजनाओं का ले सकते हैं लाभ

**रायगढ़**



श्रम विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिक गोपाल यादव, वार्ड नं. 34 सारंगढ़ बाईपास रोड,, रायगढ़ में कार्य के दौरान दुर्घटना से मृत्यु होने पर श्रम विभाग अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत् प्रदाय की जाने वाली सहायता राशि रूपये 5 लाख का चेक कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व सहायक श्रमायुक्त घनश्याम पाणिग्रही द्वारा मृतक की उत्तराधिकारी उनकी पत्नी द्रोपती यादव जिला रायगढ़ को प्रदाय किया गया। मृतक स्व. गोपाल यादव की 03 पुत्रियॉ हैं जो वर्तमान में शासकीय स्कूल में अध्ययनरत हैं। जिनकी शिक्षा एवं परिवार के भरण पोषण हेतु उक्त राशि सहायक होगी। साथ ही श्रम विभाग रायगढ़ द्वारा मृतक की पत्नी द्रोपती यादव का भी श्रम पंजीयन कराया गया है जिससे पात्रतानुसार मृतक की पुत्रियों को छात्रवृत्ति एवं नोनी सशक्तिकरण योजना से पात्रता अनुसार लाभ प्रदान कर आर्थिक सहायता प्रदाय की जावेगी। श्रम विभाग छ.ग. शासन द्वारा प्रदत्त सहायता राशि से मृतक श्रमिक के परिवारजनों द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही राशि को परिवार के भरण पोषण एवं पुत्रियों की शिक्षा हेतु खर्च करने का आश्वासन प्रदाय किया गया।

पंजीयन कराकर श्रमिक योजनाओं का ले सकते हैं लाभ

सहायक श्रमायुक्त घनश्याम पाणिग्रही ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कार्यरत श्रमिक किसी भी निर्माण कार्य में नियोजित है तो अनिवार्य रूप से छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण के तहत पंजीयन करावें तथा अन्य असंगठित श्रमिक जो कि स्वरोजगार अथवा दिहाड़ी कार्यों में संलग्न है अनिवार्य रूप से श्रम विभाग के अंतर्गत अपना पंजीयन करावें। वैध पंजीयन होने के पश्चात ही श्रम विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं हेतु पात्र होते है तथा पात्रतानुसार लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिले में विभिन्न निर्माण कार्य स्थलों पर भी श्रम विभाग द्वारा भी निरंतर शिविर लगाया जाकर श्रमिकों के पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है।

# दो बिरहोर परिवारों को पीएम जनमन आवास योजना से मिला जीवन का पहला पक्का मकान, जल्द गृह प्रवेश की तैयारी

**रायगढ़**



जिले के दूरस्थ अंचलों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्यों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने पीएम जनमन योजना से शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के तहत लैलूंगा विकासखंड के दो बिरहोर परिवारों को उनके जीवन का पहला पक्का मकान पीएम जनमन आवास योजना के माध्यम से मिला है। आवास का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, और गृह प्रवेश की तैयारी है।

विकास खण्ड मुख्यालय लैलूंगा के ग्राम पंचायत कुर्रा की रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति गुरबारी बिरहोर पति दिलसाय का बीते तीन वर्ष पहले निधन हो गया था। खेती-बाड़ी, रोजी-मजदूरी के साथ प्लास्टिक रस्सी से गेरवा बनाकर जीवन-यापन करते हुए वह गांव में अकेली अपने एक कच्चे मकान में रह रही थी, जो बरसात में हर समय परेशानी खड़ी करता था। बारिश के दिनों में उन्हें जहरीले जीव-जन्तुओं का डर बना रहता था। लेकिन जब गुरबारी को पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत उन्हें पक्का घर स्वीकृत हुआ, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने योजना से मिलने वाली किश्तों की राशि से अपना पक्का मकान बना लिया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये की राशि से शौचालय का निर्माण कराया है। इसके साथ-साथ शासन से अन्योदय राशन कार्ड, उज्वला गैस कनेक्शन, आष्युमान कार्ड योजना का लाभ उन्हें मिला है। रतिराम बिरहोर पिता दिलसाय के नाम से आवास स्वीकृत है इनके परिवार में पत्नि के साथ 02 पुत्र एवं एवं पुत्री कुल 06 लोग रहते है। आवास स्वीकृति पूर्व इनका आवास घासफुस ,जुग्गी झोपड़ी,कच्चा मकान था। खेती बाड़ी, रोजी मजदूरी, रस्सी से गेरवा बनाकर जीवनयापन करते हैं।

अपने सपनों का आशियाना पाकर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिले हुए हैं। ये उनके जीवन का पहला पक्का मकान है। उनके इस सपने को पूरा करने में शासन की योजना ने महती भूमिका निभाई है। जिसके लिए हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया है। पक्के घर में रहने से जहां उन्हें बारिश के दिनों में परेशान नहीं होना पड़ता तो वहीं अन्य समस्याओं से भी उन्हें अब राहत मिल गई है। गौरतलब है कि पीएम जनमन आवास योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की राशि दी जाती है।

# बेटे के बिन बताए चले जाने पर परेशान मां पहुंची साइबर सेल, सायबर सेल ने महिला के गुम बेटे को चंद मिनटों में ढूंढ निकाला

- गुम युवक का लोकेशन शेयर करते ही 10 मिनट के भीतर युवक तक पहुंची पुलिस

**रायगढ़**

स्थानीय महिला साइबर सेल आकर साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय को बताई कि उसका बेटा सुबह से बिना बताए कहीं चला गया है, इतनी देर तक कभी बाहर नहीं रहता। महिला को परेशान और चिंतित देख डीएसपी अभिनव ने जल्द उनके को ढूंढ निकाले का आश्वासन दिये और एसपी दिव्यांग पटेल को संपूर्ण वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पश्चात बिना वक्त गंवाये साइबर सेल ने गुम युवक का मोबाइल डिटेल पर उसका लोकेशन ट्रेस किया गया जो दुर्ग था।

डीएसपी अभिनव ने साइबर सेल दुर्ग के प्रभारी को संपर्क कर गुम युवक की पतासाजी में सहयोग हेतु कहा गया, करीब 10 मिनट के भीतर ही साइबर सेल दुर्ग ने युवक को अपने कब्जे में लिये और साइबर सेल रायगढ़ के पुलिसकर्मियों से बात कराये। गुम युवक की मां वहां खड़ी यह सब देख रही थी, जिसके बाद वो चिंता मुक्त हो गई। आज महिला, गुम युवक और घर के सदस्यगण जिला पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित करने मिठाई लेकर साइबर सेल आये।

महिला बताई कि उनकर लड़का 12वीं के बाद आईआईटी की तैयारी कर रहा है, कुछ घरेलु बातों को लेकर डांट फटकार किए थे जिससे नाराज होकर सुबह से कहीं चला गया था, परिवार के सभी लोग काफी चिंतित थे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक, डीएसपी साइबर सेल और उनके स्टाफ को तत्काल कार्यवाही पर साधुवाद दिया गया। साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने परिजनों को कहा गया कि बच्चों से मित्रता पूर्वक व्यवहार रखें एवं किसी प्रकार का भी अनावश्यक मानसिक दबाव ना बनाएं।

# शिक्षा से वंचित लोगों के लिए शुरू किया गया है पंडित सुंदर लाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

राज्य शासन ने शिक्षा से वंचित नागरिक जो घरेलू, निजी या शासकीय कर्मी के कारण शिक्षा ग्रहण नही कर पाते, उनके लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पंडित सुंदर लाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी बिलासपुर का स्थापना किया गया है, जिसका वेबसाइट https://pssou.ac.in/ पीएसएसओयू डॉट एसी डॉट इन है। छत्तीसगढ़ देश के अन्य प्रान्तों के अलावा पूरे विश्व में उच्च शिक्षा के जो आयाम और कोर्स हैं उनमें कदम से कदम मिलाकर यहां के नागरिकों के लिए यह व्यवस्था की गई है।

पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर की स्थापना का उद्देश्य राज्य के दूरवर्ती इलाकों में शिक्षा से वंचित समूहों के लिए दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा विद्यार्थियों को ज्ञानदान, समर्थवान और कुशल बनाना है। दूरस्थ शिक्षा पद्धति को शिक्षा के क्षेत्र में सपनों को साकार करने वाली वैज्ञानिक पद्धति के रूप में जाना जाता है।

उच्च शिक्षा जीवन की गुणवत्ता के लिए जहां जरुरी है वहीं इसकी सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह जन सामान्य की पहुँच से अभी भी दूर है। सभी के लिए यह सर्व-सुलभ नहीं है। जो पारम्परिक उच्च शिक्षा के संस्थान हैं उनकी अपनी सीमांए है, और जो व्यक्ति उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते है उन सभी की आवश्यकता की पूर्ति इससे संभव नही है।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मुक्त विश्वविद्यालय और संस्थाओं की अवधारणा इस बात के लिए महत्वपूर्ण है कि इनके माध्यम से उच्च शिक्षा उन सभी के लिए उपलब्ध हो जाती है जो इसे प्राप्त करना चाहते है, भले ही उनकी उम्र कुछ भी हो, किसी भी व्यवसाय में हो, या किसी भी कार्य में और किसी भी परिस्थितियों में हो, यदि वे उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो मुक्त विश्वविद्यालय या मुक्त संस्थाओं के माध्यम से शिक्षा उनके लिए उपलब्ध रहता है।

# फर्जी जमीन रजिस्ट्री मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार, धरमजयगढ़ पुलिस ने धोखाधड़ी के अपराध में भेजा रिमांड पर, आरोपी गया जेल

**रायगढ़**



थाना धरमजयगढ़ अंतगर्त ग्राम रूवाफुल खसरा नंबर खसरा नंबर 69/1 एवं खसरा 76/4 की भूमि की असल भू-स्वामी के स्थान पर अन्य महिला और गवाहों को खड़ी कर रजिस्ट्री करने के मामले में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा फरार आरोपी- संतराम अगरिया पिता स्व मांझीराम अगरिया उम्र 37 वर्ष, साकिन रूवाफूल थाना कापू को गिरफ्तार किया गया।

जानकारी के मुताबिक 15 जून 2023 को थाना धरमजयगढ़ में निशांत कुमार ठाकूर (उम्र 43 वर्ष) निवासी ग्राम कुसालपुर थाना पुरानी बस्ती रायपुर द्वारा धोखाधड़ी के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उर्वशी गुप्ता पिता मुकेश गुप्ता निवासी कृष्ण कुंज सिविल लाईन रायपुर द्वारा अपनी भूमि संबंधित सभी प्रकार के भौतिक एवं न्यायालयीन के कार्यों के लिये इन्हें सामान्य अधिकार सौंपा है, जब ये उर्वशी गुप्ता की ग्राम रूवाफुल की जमीन के अभिलेख दुरूस्ती के लिए धरमजयगढ़ आये तो पता चला कि दिनांक 24.04.2023 को उर्वशी गुप्ता भू-स्वामी कि भूमि खसरा नंबर 69/1 रकबा 0.506 एवं खसरा 76/4 रकबा 0.344 हे.भूमि को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उर्वशी गुप्ता के स्थान पर पंजीयन कार्यालय धरमजयगढ में उपस्थित होकर फर्जी आधार कार्ड एवं ऋण पुस्तिका कुट रचित दस्तावेज तैयार कर विक्रय किया गया है। आवेदन पर थाना धरमजयगढ़ में अज्ञात विक्रेता एवं अन्य के विरूद्ध सुसंगत धारा 419,420,467,468,471,120बी आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दरम्यान पंजीयन कार्यालय धरमजयगढ़ से जानकारी प्राप्त किया गया जिसमें पूर्व में गिरफ्तार आरोपी- रोहित महंत निवासी नीचेपारा धरमजयगढ़ के कथन पर आरोपी अमित तिर्की निवासी लक्ष्मीपुर थाना धरमजयगढ़ एवं आरोपिया संगीता नागवंशी निवासी ग्राम सेन्द्री बहार थाना पत्थलगांव जिला जशपुर को हिरासत में लिया गया। आरोपी अमित तिर्की और संगीता नागवंशी ने रोहित के कहने पर भू स्वामी उर्वशी गुप्ता के जगह संगीता नागवंशी को रजिस्टार कार्यालय में खड़ा होने हेतु 20 हजार रूपये मिलना और रजिस्ट्री गवाह बनने हेतु अमित तिर्की को 5 हजार रूपये मिलना बताया। मामले में शामिल आरोपी संतराम अगरिया फरार था। जिसे आज मुखबीर सूचना पर हिरासत में लिया गया। आरोपी संतराम ने अपने मेमोरण्डम पर बताया कि आरोपी रोहित दास महंत के साथ मिलकर जमीन को सुनील अग्रवाल को बिकी किया था। रोहित दास ने 1,12,500 रूपये दिया जो खाने पीने में खर्च कर देना एवं 7,000 रू को पेश करने पर जप्त किया गया है। आरोपी को आज न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल भेजा गया है। फरार आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में निरीक्षक कमला पुसाम नेताम एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480